निबंधक कार्यालय, व्यवहार न्यायालय, रांची।

सूचना

दिनांक 17.01.2024

निर्देशानुसार,

दिनांक 21.01.2024 को समूह 'घ' से समूह 'ग' (Group 'D' to 'C') में प्रोन्नति हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सम्पूर्ण परीक्षा की रूपरेखा (scheme) निम्नवत् होगी :–

कमांक	परीक्षा	अंक
1.	लिखित परीक्षा	80
2.	साक्षात्कार	20
		कुल पूर्णांक = 100

नोट :–

(i) कम्प्यूटर ऑपरेटिंग प्रोफिसिऐंसी परीक्षा कुल 10 अंकों की होगी। यह परीक्षा अर्हकारी (Qualifying) होगी, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी को न्यूनतम 03 अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(ii) कम्प्यूटर ऑपरेटिंग प्रोफिसिऐंसी परीक्षा तथा साक्षात्कार एक ही तिथि को आयोजित की जायेगी जिसकी सूचना अलग से दी जायेगी।

(iii) परीक्षा में अंतिम रूप से उत्तीर्ण होने के लिए सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को कुल पूर्णांक (100 अंक) में से कम–से–कम 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों को कुल पूर्णांक (100 अंक) में से कम–से–कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(iv) नियुक्ति मेधा सूची के आधार पर रिक्त पद के सापेक्ष लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के अनुरूप की जायेगी। कम्प्यूटर ऑपरेटिंग प्रोफिसिऐंसी परीक्षा में प्राप्त अंक मेधा सूची तैयार किये जाने के संबंध में विचारणीय नहीं होगा।

(v) इस परीक्षा की रूपरेखा (scheme) के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में दी गयी सभी सूचनाऐं इस नोटिस की सीमा तक संशोधित मानी जायेंगी।

हस्ताक्षर

17/01/24

निबंधक,
व्यवहार न्यायालय, रांची।